कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः–एफ 15 (6) 2016–17/गोप्र/प्रमुवस/186-296/C दिनांक 12.1.2017

निमित,

समस्त वनाधिकारीगण

विषयः– वनपाल से क्षेत्रीय द्वितीय के पद पर वर्ष 2016–17 की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित किए जाने के संबंध में।

प्रसंगः–इस कार्यालय का पत्रांक 2930–3040/सी दिनांक 9.8.2016

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि इस कार्यालय के पत्रांक 2930–3040/सी दिनांक 9.8.2016 वनपाल से क्षेत्रीय द्वितीय के पद पर वर्ष 2016–17 की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक शीघ्र आयोजित किए जाने हेतु निर्धारित प्रपत्र में सेवा विवरण / गत सात वर्षो में दिये गए दण्ड की सूचना निर्धारित प्रपत्र में एवं वर्ष 2008–09 से 15–16 तक के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन **(सम्पूर्ण डोजियर नहीं)** भी शीघ्र इस कार्यालय को भिजवाने हेतु लिखा गया था। किन्तु बार बार स्मरण कराये जाने के पश्चात भी वॉछित सूचना/ए.सी.आर. इस कार्यालय को प्रेषित नहीं की गई तत्पश्चात इस कार्यालय के पत्रांक 3912 दिनांक 16.11.2016 द्वारा बकाया ए.सी.आर./वॉछित सूचना निर्धारित प्रपत्र में विशेष पत्र वाहक के साथ दिनांक 17.11.2016 तक आवश्यक रूप से भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु संलग्न सूची में अंकित वनपालों की सूचना/ए.सी.आर. अभी तक इस कार्यालय को प्रेषित नहीं की गई। **उक्त सूचना/ए.सी.आर के अभाव में दिनांक 18.11.2016 को प्रस्तावित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित नहीं की जा सकी। तत्पश्चात इस कार्यालय के पत्रांक 4100–4210/सी दिनांक 25.11.2016 द्वारा दिनांक 28.11.2016 तक वॉछित सूचना/ए.सी.आर. तत्काल विलम्ब के कारणों सहित विशेष पत्र वाहक के साथ भिजवाने हेतु लिखा गया था** तत्पश्चात **4596/सी दिनांक 20.12.2016 द्वारा पुनःस्मरण कराये जाने के पश्चात भी संलग्न सूची में अंकित वनपालो की बकाया सूचना/ए.सी.आर. अभी तक इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई है। संलग्न सूची में अंकित वनपालों की बकाया सूचना/ए.सी.आर शीघ्र इस कार्यालय को भिजवावें, ताकि विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित किया जाना संभव हो सके। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवे।**

संलग्नः–सूची

भवदीय

(दीपक भटनागर)
अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(प्रशासन) राज.जयपुर

क्रमांकः–एफ 15 (6) 2016–17/गोप्र/प्रमुवस/297/C दिनांक 12.1.2017

प्रतिलिपि प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभाग की बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

(दीपक भटनागर)
अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(प्रशासन) राज.जयपुर
राज.जयपुर